Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 27 दिसंबर, 2023

मेडटेक मित्र: भारत के स्वास्थ्य सेवा नवाचारों में क्रांति लाना

हाल ही में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने **मेडटेक (MedTech)** इनोवेटर्स को सशक्त बनाने और हेल्थकेयर समाधानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी मंच '**मेडटेक मित्र**' लॉन्च किया है।

- **महत्त्वाकांक्षी MedTech देश की युवा प्रतिभाओं को उनके शोध को अंतिम रूप देने और नियामक अनुमोदन प्राप्त करने में मदद करेगा।**
  - इसका उद्देश्य नवाचार और सेवा को सुव्यवस्थित करना है, ताकि आयातित चिकित्सा उपकरणों पर देश की निर्भरता, जो वर्तमान में **80%** है, कम हो सके।
- मेडटेक का तात्पर्य **"मेडिकल टेक्नोलॉजी"** से है, जिसमें स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में उपयोग किये जाने वाले तकनीकी नवाचारों, उपकरणों और समाधानों की एक विस्तृत शृंखला शामिल है।
  - **मेडटेक** के उदाहरणों में **MRI मशीन, पेसमेकर, इंसुलिन पंप** और सर्जिकल उपकरण शामिल हैं।

और पढ़ें... फार्मा मेडटेक सेक्टर के लिये नीतिगत पहल

PT प्रशिक्षक शिक्षक की श्रेणी में आते हैं : सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में माना कि **शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक (PTI) "शिक्षकों" की श्रेणी** में आते हैं, हालाँकि आवश्यक नहीं कि वे किसी भवन की चारदीवारी के भीतर कक्षाएँ संचालित करें।

- **क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन, क्रीड़ा सुविधाओं का प्रबंधन तथा टूर्नामेंटों की देख-रेख** सहित एक भौतिक निदेशक की बहुमुखी ज़िम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए न्यायालय ने PTI की भूमिका के अंतर्निहित शैक्षिक पहलुओं को रेखांकित किया।
- सर्वोच्च न्यायालय एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रहा था जिसमें एक **क्रीड़ा अधिकारी/PTI** ने **विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्ति आयु नीति का विरोध** करते हुए अन्य शिक्षण संकाय सदस्यों के साथ समानता की मांग की थी।

कुदुम्बश्री ने चवित्तुनाटकम का प्रदर्शन किया

कुदुम्बश्री मिशन के कुल **504 सदस्यों** ने **विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने** के लिये **चवित्तुनाटकम प्रदर्शन** में भाग लिया।

- **चवित्तुनाटकम के प्रदर्शन** में **कुदुम्बश्री मिशन** की कहानी बताई गई, जिसे वर्ष 1998 में **पीपुल्स प्लान अभियान** के तहत स्थापित किया गया था।
  - मिशन को **गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम** के रूप में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य **गरीबी के अंतर-पीढ़ीगत संचरण** को समाप्त करना था और **महिला सशक्तीकरण आंदोलन** में इसके विकास को मंच पर महिलाओं द्वारा **चवित्तुनाटकम प्रदर्शन** के साथ सभी नाटकों के साथ सुनाया गया था।
- **चवित्तुनाटकम** एक नाट्य शैली है जिसका **मध्य केरल के तटीय ज़िलों** में प्रदर्शन किया जाता है।
- कुदुम्बश्री प्रदर्शन ने **विश्व प्रतिभा रिकॉर्ड** भी जीता।
  - इसका आयोजन **राष्ट्रीय सरस मेला- 2023** को लोकप्रिय बनाने के अभियान के हिस्से के रूप में किया गया था।
    - **महिलाओं को सशक्त बनाने एवं** स्वयं सहायता समूहों **द्वारा उत्पादित वस्तुओं को बाज़ार में स्थापित करने के उद्देश्य से** सरस मेला **का आयोजन किया गया है।**

और पढ़ें... **स्वयं सहायता समूह कुदुम्बश्री**

सिमिलीपाल टाइगर रिज़र्व में ब्लैक टाइगर

भारत सरकार ने **राज्यसभा** को सूचित किया कि भारत में 10 **ब्लैक टाइगर** (मेलेनिस्टिक बाघ) हैं, जिनमें से सभी विशेष रूप से **ओडिशा के सिमिलीपाल बाघ अभयारण्य** में पाए जाते हैं।

- ब्लैक टाइगर, **बंगाल टाइगर** की ही दुर्लभ रंग-रूप की प्रजाति है और यह कोई विशिष्ट प्रजाति या भौगोलिक उप-प्रजाति नहीं है। उसके शरीर पर कोट या धारियों का रंग एवं पैटर्न बिल्कुल जंगली बिल्लियों की तरह गहरा होता है **जो ट्रांसमेम्ब्रेन एमिनोपेप्टिडेज़ क्यू (ताकपेप) (Transmembrane Aminopeptidase Q (Taqpep) जीन में एक उत्परिवर्तन के कारण** दिखाई देता है। ऐसे बाघों में असामान्य रूप से गहरे या काले रंग के कोट को छद्म मेलेनिस्टिक या कृत्रिम रंग भी कहा जाता है।
- आधिकारिक रूप से टाइगर रिज़र्व के लिये सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व का चयन वर्ष 1956 में किया गया था, जिसको **वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर (Project Tiger)** के अंतर्गत लाया गया। भारत सरकार ने जून **1994 में इसे एक बायोस्फीयर रिज़र्व क्षेत्र** घोषित किया था।
    - यह **बायोस्फीयर रिज़र्व** [यूनेस्को](#) **के विश्व नेटवर्क ऑफ** [बायोस्फीयर रिज़र्व](#) का हिस्सा है। यह **सिमिलीपाल-कुलडीहा-हदगढ़ हाथी रिज़र्व का** हिस्सा है, जिसे **मयूरभंज एलीफेंट रिज़र्व** के नाम से जाना जाता है।
    - सिमिलीपाल वन्यजीवों से समृद्ध है, यहाँ बाघ, हाथी, विभिन्न पक्षी और उभयचर प्रजातियाँ हैं।
    - दो जनजातियाँ, **एरेंगा खरियास और मैनकर्डियास, सिमिलीपाल** में निवास करती हैं और पारंपरिक कृषि गतिविधियों में संलग्न हैं।

//

और पढ़ें...[ब्लैक टाइगर](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-27-december,-2023